आर.एन.आई. नं. RAJBIL/2010/52404

परम पू. कैलाश जी 'मानव'

सेवा सौभाग्य

मूल्य » ₹ 5 ● वर्ष-07 ● अंक » 85 ● मुद्रण तारीख » 1 दिसम्बर-2018 ● कुल पृष्ठ » 24

ज़िन्दगी होगी बेहतर
जब आप करेंगे कन्यादान

विशाल नि:शुल्क सर्वधर्म दिव्यांग तथा निर्धन सामूहिक विवाह

आयोजक : नारायण सेवा संस्थान एवं सेवा परमो धर्म ट्रस्ट

दिनांक : 2 व 3 मार्च, 2019

स्थान : राजौरी गार्डन (दीपाली टेन्ट), पुलिस थाने के पास, दिल्ली-27

खुशियों के पल आपके संग

जी हाँ, इन दिव्यांग जोड़ों को अपना आशीर्वाद देने ज़रूर-ज़रूर पधारें

जोड़ा संख्या	मेहंदी	श्रृंगार	पोषाक	बिन्दौली वरमाला	वर-माला	पणि-ग्रहण संस्कार	उपहार	बारात आवा-गमन	भोजन (6 व्यक्ति) 3 दिन	कुल सहयोग राशि (रु)	आंशिक कन्या दान (एक मुश्त)	कन्या दान धर्म माता-पिता (एक मुश्त)
1	1000	5500	6500	3100	1100	10000	16800	5000	6000	55000	21000	51000
2	2000	11000	13000	6200	2200	20000	33600	10000	12000	110000	42000	102000
3	3000	16500	19500	9300	3300	30000	50400	15000	18000	165000	63000	153000
5	5000	27500	32500	15500	5500	50000	84000	25000	30000	275000	105000	255000
11	11000	60500	71500	34100	12100	110000	184800	55000	66000	605000	231000	561000
21	21000	115500	136500	65100	23100	210000	352800	105000	126000	1155000	441000	1071000
51	51000	280500	331500	158100	56100	510000	856800	255000	306000	2805000	1071000	2601000

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सेवा सौभाग्य

1 दिसम्बर, 2018

वर्ष 07 अंक 85 मूल्य ₹ 05

कुल पृष्ठ » 24

संपादक मंडल

मार्ग दर्शक » कैलाश चन्द्र अग्रवाल
सम्पादक » प्रशान्त अग्रवाल
डिजाइनर » विरेन्द्र सिंह राठौड़

संपर्क (कार्यालय)

Sewa Parmo Dharm
MAKE GIVING YOUR HABIT

सेवा परमो धर्म ट्रस्ट

हिरण मगरी, सेक्टर-4
उदयपुर (राज.)-313002
फोन नं. : 0294-6655555
फेक्स नं. : 0294-6655570
मो नं. : 09929777773

Web » www.spdtrust.org
E-mail » info@spdtrust.org

CONTENTS

इस माह में

पाठकों हेतु

मौसम का फल — शरीफ है शरीफा

05

अन्य स्तंभ

अपनों से अपनी बात 04
गुणकारी दालचीनी 05
हिमानी व जेसिका का सपना 06
सेवा महातीर्थ में महाबचत मेला 06
सत्संग 07

कन्या पूजन — शक्तिरूपा दिव्यांग कन्याओं का पूजन

08
जिम्नास्टिक में जीता सोना 08
सहायक उपकरण वितरित 09
भायंदर में कृत्रिम अंग वितरण 09
बोकारो में ऑपरेशन हेतु चयन 10
महोबा में सहायक उपकरण वितरण 10
सेवा सारथियों का सम्मान 11

सहायता — आपश्री की प्रतीक्षा में.....

16
आपश्री का पूर्ण विवरण 13
दानवीर भामाशाहों का आभार 15
दिव्यांगजनों की सेवारत् 16
दान सहयोग हेतु अपील 17
संस्थान के आश्रम 20
प्राकृतिक चिकित्सा 23

अपनों से अपनी बात

पू. कैलाश 'मानव'

जमने न दें कुसंग की जड़

माता - पिता अनुभव की खान होते हैं। हमेशा संतान को सन्मार्ग पर बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। उनकी सलाह एवं हिदायत की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

किसी पिता का पुत्र बुरी संगत में पड़ गया। पिता उसे हर बार बुरी संगत छोड़ने को कहते तो पुत्र यही उत्तर देता- पिताजी, आप चिंता न करें, मैं जब चाहूँगा तब उन्हें छोड़ दूँगा। ये तो मेरे नियंत्रण में है। पुत्र कहता जरूर था परंतु छोड़ता नहीं था। एक दिन पिता ने एक संत को अपनी व्यथा सुनाई। संत ने पिता को दूसरे दिन पुत्र के साथ बगीचे में आने को कहा। दूसरे दिन प्रातः पिता-पुत्र बगीचे में पहुँचे। संत टहल रहे थे। पिता-पुत्र भी उनके साथ-साथ चलने लगे। चलते-चलते अचानक संत एक स्थान पर रूके और लड़के से कहा- वह जो छोटा-सा पौधा दिखाई दे रहा है, उसे उखाड़ कर ले आओ। लड़का गया और पौधे को झटके से समूल उखाड़कर ले आया। तभी संत ने कहा- बेटा, वहाँ देखो, वह जो थोड़ी बड़ी हो चुकी खरपतवार है, उसे भी उखाड़ दो। लड़का खरपतवार को जड़-सहित उखाड़कर पुनः लौट आया। वह थक-सा गया था। तीनों थोड़ी दूर गए ही थे कि संत ने एक पेड़ दिखाते हुए लड़के से कहा बेटा - उसे भी जड़ से उखाड़ दो। वह दौड़ता हुआ गया और उत्साह के साथ उस पेड़ को उखाड़ने का प्रयास करने लगा। उसने पूरी ताकत लगा दी, पसीने से तरबतर हो गया परंतु पेड़ को नहीं उखाड़ पाया। क्योंकि उसकी जड़ें मजबूत थी। उसी पल संत ने कहा- मैं तुम्हें यही बताना चाह रहा हूँ कि बुरी आदतों की जड़ें मजबूत होने से पहले ही अगर उन्हें छोड़ दोगे तो वे छोटे पौधों के उखड़ने के समान बिना कठिनाई के छूट जाएंगी, लेकिन ज़्यादा समय तक रहीं तो वे भी इस पेड़ के समान अपनी जड़ें मजबूत कर लेंगी जिन्हें तुम चाहकर भी फिर कभी छोड़ नहीं पाओगे। लड़का संत की बात समझ गया और उसने उसी क्षण से बुरी संगत छोड़ देने का संकल्प लिया।

प्रेरक प्रसंग

'सेवक' प्रशान्त भैया

पराई वस्तु का मोह अनुचित

पराई वस्तु के प्रति मोह रखना अथवा मार्ग में मिली कोई भी कीमती वस्तु अपने पास रख लेना, यह समझकर कि किसी ने देखा नहीं है,अनुचित है। ईश्वर सब देखता है

किसी नगर की महारानी का प्रिय एवं बहुमूल्य कंठ हार कहीं खो गया। महाराजा ने पूरे नगर में घोषणा करवा दी कि जिस किसी को भी हार मिला हो, वह तीन दिन में लौटा दे अन्यथा पता लगने पर उसे मृत्युदण्ड मिलेगा। संयोगवश हार एक सन्यासी को मिला। उसके मन में हार के प्रति कोई आकर्षण या किसी प्रकार का लोभ-मोह नहीं था फिर भी उसने हार को यह सोच कर रख लिया कि कोई इसे ढूँढ़ता हुआ आएगा तो दे दूँगां। अगले दिन उसने महाराजा की घोषणा सुनी फिर भी वह हार देने नहीं गया, अपितु अपनी तपस्या में लीन रहा। तीन दिन बीत गए। चौथे दिन सन्यासी हार लेकर राजमहल में महाराजा के समक्ष पहुँचा। महाराजा को जब यह पता चला कि तीन दिन से हार को वह अपने पास ही रखे हुए था तो, वे क्रोधित हो गए। क्रोधित स्वर में उन्होंने पूछा- क्या तुमने घोषणा नहीं सुनी थी? सन्यासी ने शांत स्वर में उत्तर दिया- जी राजन, मैंने आपकी घोषणा सुनी थी परंतु मैं जानबूझकर हार देने नहीं आया। वह बोला-यदि तत्काल चला आता तो लोग यही कहते, कि मैं एक सन्यासी होकर मृत्यु के दण्ड से भयभीत हो गया। इस पर महाराजा ने पूछा- तो फिर चौथे दिन क्यों आए?तब गंभीरतापूर्वक, सन्यासी ने उत्तर दिया- मुझे मृत्यु का भय नहीं है, यह बात तो सिद्ध हो गई है लेकिन किसी अन्य की सम्पत्ति को अपने पास में रखना पाप है और मैं सन्यासी हूँ, पापी नहीं। मै तपस्या में था। अतः हार को देने आज चला आया। महाराज मृत्यु भय नहीं उत्सव है। क्योंकि यह सत्य है। पराई वस्तु के प्रति आकर्षण एक ऐसा विचार है, जो पाप के रास्ते पर ले जाता है। सन्यासी का उत्तर सुनकर महाराजा बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने सन्यासी के चरण स्पर्थ कर अभिनंदन किया।

मौसम का फल

शरीफ है शरीफा

पोषण तत्वों से भरपूर शरीफा एक ऐसा फल है जिसमें कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके बीज, फल और पत्तियों में अनेक ऐसे रसायन तत्व पाये जाते हैं, जिनका उपयोग फसलों मे लगने वाले कीड़ों को मारने के लिए बनने वाले कीटनाशक के रुप में इस्तेमाल किया जाता है। यानि इसे जैविक कीटनाशक के रुप में भी इस्तेमाल किया जाता है। शरीफे की पत्तियाँ मधुमेह रोगियों के लिए रामबाण औषधी हैं। मधुमेह रोग में शरीफे की पत्तियों को चबाकर खाने की सलाह दी जाती है। इसकी जड़ का काढ़ा कब्ज दूर करता है। मिर्गी में इसके पत्तों को पीसकर रोगी को सुंघाया जाता है। इसके पत्तों को घाव पर बांधा जाये तो घाव जल्दी ठीक होते हैं। इसके बीज कीटनाशी द्रव्यों से युक्त होते हैं। यही वजह है कि फसलों में लगने वाले जैविक रोगों के निवारण के लिए इसके बीजों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें नीम की पत्ती और मदार के साथ मिलाकर कीटनाशक तैयार किया जाता है।

» औषधीय फायदा

अगर आपका वजन तमाम उपाय आजमाने के बाद भी नहीं बढ़ा तो एक बार शरीफा को आजमाइए इसे अपनी रोज की डाइट में शामिल करिये वजन बढ़ जायेगा।

शरीफा के बीजों को बकरी के दूध के साथ पीसकर पेस्ट बनाकर उसे सिर पर लगाने से गंजेपन की समस्या दूर होती है।

शरीफा में विटामिन ए अच्छी खासी मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसे खाने से त्वचा जवान और चमकदार रहती है।

शरीफा इम्युनिटी सिस्टम यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

घरेलू उपचार

गुणकारी दालचीनी

दालचीनी का उपयोग रोजाना मसालों में सुगन्ध और स्वाद लाने के लिये किया जाता है। यह मुखशुद्धि और कंठशुद्धि करती है। मोटी दालचीनी उष्ण, तीखी, रूक्ष और पित्तकारक है। यह कफ, वायु, खुजली तथा अरूचि का नाश करने वाली एंव ह्रदय रोग, मूत्राशय के रोग, अर्श, कृमि मिटाने वाली है। दालचीनी का सेवन करने से अजीर्ण, उल्टी, लार, उदरशूल और आफरा मिटता है। दालचीनी पानी में पीसकर गर्म करके कनपटी पर लेप करने अथवा अर्क लगाने से सर्दी के कारण होने वाला सिरदर्द मिटता है। दालचीनी, अदरक और काली मिर्च का काढ़ा पीने से जुकाम दूर होता है। दालचीनी के तेल की 2-3 बूंद तेल एक कप पानी में मिलाकर पीने से इन्फ्लूएंजा, गृहणी, आंत्रशूल, हिचकी, उल्टी आदि में आराम मिलता है। दालचीनी अत्यंन्त उपयोगी सुगन्धित औषधि है। यह उष्ण दीपन, पाचन, वातहर, स्तंभण, गर्भाशय उत्तेजक, गर्भाशय संकोचक एवं शरीर उत्तेजक है। यह टाइफाइड, टाइफस तथा अन्य संक्रामक रोगों का नाश करती है एवं उबकाई, उल्टी व अतिसार को मिटाती है। दालचीनी का तेल उत्तेजक है। इसकी कुछ बूंद दांत का शूल, पेट का शूल, जीभ का रूक जाना, जबान बन्द हो जाना आदि में गुणकारी हैं। गरम प्रकृति वालों को दालचीनी का सेवन नहीं करना चाहिये।

शिक्षा-सहयोग

सच हुआ हिमानी व जेसिका का सपना

निदेशक श्रीमती वंदना अग्रवाल शिक्षण शुल्क चेक देते हुए

उदयपुर निवासी हिमानी विश्वकर्मा प्रतिभाशाली छात्रा है। जिसने 10 वीं की परीक्षा (83 प्रतिशत अंक) विशेष योग्यता के साथ उतीर्ण की। पिता दिलीप सिंह का कुछ समय पूर्व निधन होने से हिमानी की शिक्षा और घर को चलाने की सारी जिम्मेदारी मां पर आ पड़ी, जो एक मैस में कार्यरत हैं। पिता के असामयिक निधन से आर्थिक दृष्टि से परिवार पिछड़ गया। हिमानी की आगे की पढ़ाई पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया। उच्च शिक्षा प्राप्त करने का उसका सपना उसे टूटता सा दिखाई दिया। स्कूल में शुल्क जमा कराना जरुरी था। मां असहाय और हिमानी दुःखी थी। तभी उन्हें किसी ने नारायण सेवा संस्थान-सेवा परमोधर्म ट्रस्ट से मदद लेने की सलाह दी। इस पर दोनों मां-बेटी ट्रस्ट अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल से मिली। उन्होंने ट्रस्ट से 19,300 रु शिक्षण शुल्क की स्वीकृति दी। हिमानी अब नियमित रुप से स्कूल जा रही है और वह खुश है कि उसका सपना टूटने से बच गया।

इसी तरह राजस्थान के पाली जिले की मूल निवासी जेसिका राव कक्षा 11वीं की छात्रा है। पिता खेतीबाड़ी कर बमुश्किल परिवार का पोषण करते हैं। माता -पिता उसे उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं। ताकि वह जीवन में आगे बढ़ सके, परन्तु घर की कमजोर आर्थिक स्थिति उनके इस स्वप्न को साकार करने में बाधक है। परिवार की आर्थिक हालत को देखते हुए उदयपुर निवासी मौसी ने दो वर्ष पूर्व उसे अपने घर बुला लिया। हालांकि मौसी भी छोटी मोटी नौकरी करके बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का गुजर-बसर करती हैं। पिछले वर्ष उन्होंने जेसिका की पढ़ाई सुचारु रखने के लिए सेवा परमो धर्म ट्रस्ट से कक्षा 10 की पढ़ाई के लिए विद्यालय शुल्क प्रदान करने का अनुरोध किया था। जिसे ट्रस्ट ने स्वीकार किया। इस वर्ष भी इस प्रतिभाशाली बालिका की 11 वीं की पढ़ाई का शिक्षण शुल्क ट्रस्ट की ओर से स्कूल को दिया गया है ताकि वह उच्च शिक्षा प्राप्ति का स्वप्न पूरा कर सके।

जमा योजना

सेवा महातीर्थ में महाबचत मेला

भारतीय डाक विभाग की ओर से 25 अक्टूबर को नारायण सेवा संस्थान के बडी ग्राम स्थित सेवा महातीर्थ में दो दिवसीय महाबचत मेला-2018 का समापन हुआ। शिविर का शुभारम्भ संस्थान के संस्थापक-चेयरमैन पद्मश्री कैलाश जी 'मानव' ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री जगदीश सिंह जी गुर्जर थे। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह के ही प्रथम सप्ताह में डाक विभाग अजमेर मण्डल के पोस्टमास्टर जनरल श्री रामभरोसा जी गुप्ता ने सेवा महातीर्थ में पोस्ट ऑफिस शाखा खोलने के आदेश दिए थे।

महाबचत मेला में बड़ी एवं आसपास गांवों सहित संस्थान में निःशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए विभिन्न राज्यों से आने वाले दिव्यांगों के परिजनों एवं साधकों ने सुकन्या समृद्धि, आवर्ति जमा एवं बचत खाते खुलवाए। बचत योजना में खाता खुलवाने को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के साथ भी जोडकर 2 लाख का दुर्घटना बीमा किया गया।

शिविर प्रभारी श्री दीपक जी मेनारिया ने बताया कि दो दिनों में बड़ी संख्या में खाते खोले गए। महाबचत मेले में डाक विभाग की ओर से श्री हरदाराम निरीक्षक (दक्षिण क्षेत्र), श्री राजेन्द्र राठौड़, शाखा डाकघर प्रभारी श्री शोभालाल तथा संस्थान की ओर से महिम जैन, अनिल आचार्य व कुलदीप सिंह शेखावत की टीम ने सहयोग किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सत्संग

संस्थान के लियों का गुड़ा (बड़ी) स्थित सेवा महातीर्थ में 18 से 20 , 26 व 27 तथा 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2018 तक पूज्य गुरुदेव श्री कैलाश जी 'मानव' ने 'श्रीराम- कृष्ण अवतार कथा'एवं सत्संग तथा संस्थान अध्यक्ष प्रशांत जी अग्रवाल ने देश के विभिन्न भागों से निशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए संस्थान में आने वाले दिव्यांग भाई-बहिन एवं उनके परिजनों से दीनबंधु वार्ता में विचार साझा किये। 'संस्कार', 'सत्संग'और आस्था भजन चैनलों पर देश भर में प्रसारित उनके विचारों को यहां संक्षिप्त रुप से प्रस्तुत किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री महिम जैन व श्री ओमपाल सिलन ने किया।

राम कथा संजीवनी समान: मानव

एक कामना पूरी होने पर मानव का स्वभाव है कि वह दूसरी करने लगता है। कामना और भक्ति में अंतर है। भक्ति से ही सब कुछ प्राप्त हो जाता है। सुदामा इसके उदाहरण हैं। वे बिना किसी कामना भगवान की भक्ति में लगे रहे। विपदा और कष्ट आने के बाद भी उन्होंने सच्चाई और भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। जिसके चलते भगवान की कृपा प्राप्त हुई और उन्हें सब कुछ प्राप्त हो गया। राम कथा हमारे जीवन के लिए संजीवनी बूटी के समान है। जो हमे बताती है कि परिस्थिति चाहे कितनी भी विपरीत हो, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान राम के जीवन आदर्शों से हमें सच्चाई के पथ पर चलने की प्रेरणा मिलती है। राम शब्द के उच्चारण मात्र से जीवन आनंदित हो उठता है। परिवार व समाज हित के लिए रामचरित मानस प्रेरणादायक कथा ग्रंथ है। संवेदना और करुणा के भाव ही सेवा और परमार्थ के प्रेरक हैं। यही भाव मनुष्यत्व की पहचान हैं। सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष की जरुरत है। कन्या भ्रूण हत्या, नारी उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को रोका जाना चाहिए। जीवन में सफलता के लिए हर कार्य पूर्ण सोच-विचार के साथ करना चाहिए। जल्दबाजी में किए गए कार्य के परिणाम सदैव दुखदायी होते हैं। धर्म वही है जो परस्पर प्यार और सद्भाव बढ़ाए। जीवन को सार्थकता प्रदान करने के लिए हमें सतत् आत्मावलोकन करते रहना होगा। इसीसे सेवा धर्म का मार्ग प्रशस्त होगा। यही हमारे जीवन के कल्याण का सेतु भी बनेगा।

पू. कैलाश जी 'मानव'

बुरे विचारों को पराजित करें: भैया

सकारात्मक सोच रखने वाले सज्जन हमेशा खुश रहते हुए सबके प्रिय और सम्मानीय होते हैं। हम सब चाहते हैं कि खुश रहें, तो इसके लिए जरुरी है जीवन में लक्ष्य निर्धारित करें और जब तक वह हासिल न हो प्रयास न छोड़ें। जीवन भी एक संग्राम है। अच्छे-बुरे विचारों के बीच संघर्ष चलता रहता है। सुविचार ही ऐसा शस्त्र है, जिनसे बुरे विचारों को पराजित किया जा सकता है। अभिप्राय यह है कि जीवन में वही सफल हो सकता है जो बुरे विचारों को अपने ऊपर हावी न होने दे। मनुष्य को लोभ एवं मोह छोड़कर हमेशा ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। व्यक्ति हमेशा दुखों में ईश्वर को याद करता है और सुख में भूल जाता है। सुख-दुख जीवन के वह पहलु हैं जो एक के बाद एक घटित होते रहते हैं। परन्तु यदि हम निःस्वार्थ भाव से ईश्वर की भक्ति करते हैं तो उससे हर समस्या का समाधान स्वतः हो जाता है। मृत्यु अटल है। जिन्हें जीवन मिला है उनकी मुत्यु निश्चित है। छोटे जीवों में भी वही आत्मा है जो मनुष्य के भीतर है, बस उसका आकार परिवर्तित हो जाता है। आत्मा को न कभी जलाया जा सकता है और न कभी उसका नाश होता है। केवल शरीर ही नाशवान है। मनुष्य के साथ उसके अच्छे कर्म व परोपकार ही जाते हैं। प्रत्येक मानव को जीवन में सद्कर्म करते रहना चाहिए। सद्कर्म मानव को मंजिल तक पहुंचाने के साथ ही शुभ ख्याति प्राप्त कराने में सहायक बनते हैं। जबकि अशुभ कर्म से मानव को सामाजिक एवं पारिवारिक तिरस्कारों का सामना करना पड़ता है।

'सेवक' प्रशान्त भैया

कन्या पूजन

शक्तिरूपा दिव्यांग कन्याओं का पूजन

'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' संदेश के साथ आरती करती श्रीमती वंदना अग्रवाल

17 अक्टूबर को संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में शारदीया नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर 301 दिव्यांग कन्याओं का अनुष्ठानपूर्वक महापूजन सम्पन्न हुआ। ये सभी कन्याएं जन्मजात दिव्यांग अथवा पूर्व पोलियोग्रस्त थीं। इनमें सात माह की मरियम निवासी सिंखेड़राजा जिला जालना (महाराष्ट्र) भी थी, जो अपनी माता सुमैया के साथ पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए आई थी। इन सभी कन्याओं के निःशुल्क ऑपरेशन नवरात्रा के दौरान संस्थान के हॉस्पीटल में सम्पन्न हुए। देवी स्वरूपा इन कन्याओं के पूजन से पूर्व संस्थापक- चेयरमैन पद्मश्री कैलाश जी 'मानव', सह-संस्थापिका श्रीमती कमला देवी जी, अध्यक्ष श्री प्रशांत जी अग्रवाल, निदेशक श्रीमती वन्दना जी अग्रवाल, और साधकों ने हवन कर माता का आव्हान किया। पूज्य श्री मानव जी ने कहा कि परिवार और समाज में बेटा-बेटी को समान मानते हुए उन्हे संस्कारित किया जाए। बेटियों की उपेक्षा का ही परिणाम है, कन्या भ्रूण हत्या और महिला उत्पीड़न की घटनाएं । इस प्रवृति को रोकना होगा। कार्यक्रम का संचालन श्री महिम जैन ने किया।

ओढ़ाई लाल चुनर: संस्थान निदेशक श्रीमती वंदना जी अग्रवाल ने विशाल पाण्डाल में सजी धजी चौकियों पर बिराजित दिव्यांग कन्याओं को लाल चुनर ओढाई और नैवेद्य रूप में हलवा, पूरी और भीगे हुए चने परोसे तथा पोशाक, प्रसाधन सामग्री व अन्य उपहार भेट किए। ये कन्याएं राजस्थान, प.बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ, गुजरात, झारखण्ड, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर व नेपाल सहित देश के अन्य भागों से 15 दिन पूर्व ही निःशुल्क पोलियो केरेक्टिव सर्जरी के लिए संस्थान में परिजनों के साथ आई थीं। इस अनुष्ठान का उद्देश्य ही समाज में बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संदेश देकर उन्हें आगे बढ़ाना था।

उपलब्धि

जिम्नास्टिक में जीता सोना

विजेता बालक पदकों के साथ

अलवर में 6 नवम्बर को संपन्न 10 एवं 14 वर्ष आयु वर्ग के बालकों की राज्य स्तरीय ओपन जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में नारायण सेवा संस्थान के बालकों ने तीन गोल्ड एवं दो ब्रांज मेडल हासिल किए। सीनार पब्लिक स्कूल अलवर में जिला जिम्नास्टिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संस्थान के भगवान महावीर निराश्रित बालगृह के 10 वर्ष आयु वर्ग में रणवीर भील ने ऑलराउण्डर व फ्लोर में दो गोल्ड मेडल एवं 14 वर्ष आयु वर्ग में श्रवण गमार ने पैरेलरबार में एक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। राजू गमार, अभियाराम व कृष्णा ने ब्रांज मेडल हासिल किए। संस्थान की टीम को इस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में तीसरा स्थान मिला।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

सहायता शिविर

फरीदाबाद में 125 सहायक उपकरण वितरित

नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में फरीदाबाद (हरियाणा) में 14 अक्टूबर को दिव्यांगजन की सहायतार्थ निःशुल्क पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ.एस.एल.गुप्ता ने पंजीकृत 110 दिव्यांगजन की जांच की, जिनमें से ऑपरेशन योग्य 12 का चयन किया गया। मुख्य अतिथि साईं बाबा संस्थान के प्रमुख ट्रस्टी श्री मनु भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्री पी.एल कुमार, डॉ एस.पी सिंह, श्री बी.पी गुप्ता, श्री एम. एल गोयल व श्री सुरेश सुसेन थे। शिविर में जरूरतमंद 15 दिव्यांगजन को ट्राईसाईकिल, 5 को व्हील चेयर व 25 को बैसाखी व अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। आरंभ में शाखाध्यक्ष श्री नवलकिशोर जी गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी। संचालन संस्थान के गाजियाबाद आश्रम कें प्रभारी भंवर सिंह तथा हरिप्रसाद लढ्ढा ने किया। धन्यवाद की रस्म शिविर प्रभारी जतन सिंह भाटी ने अदा की।

अग्रसेन मंदिरः संस्थान की ओर से फरीदाबाद में ही 21 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन मंदिर के सौजन्य से एक और शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सभी पंजीकृत 198 दिव्यांगजन में से ऑपरेशन योग्य 22 का चयन किया गया तथा कृत्रिम अंग बनाने के लिए 30 दिव्यांगों के नाप लिए गए। इस शिविर के मुख्य अतिथि राज्य के उद्योग मंत्री श्री विपुल जी गोयल थे। अध्यक्षता अग्रवाल समाज के प्रधान श्री आनन्द जी गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष श्री मुरारी लाल जी गर्ग, समाज के पूर्व प्रधान श्री ओमप्रकाश जी बंसल व संस्थान के शाखा संयोजक श्री नवल किशोर जी गुप्ता थे। शिविर में जरूरतमंद 10 दिव्यांगजन को ट्राईसाईकिल, 5 को व्हील चेयर, 20 को बैसाखी की जोड़ी, 10 को श्रवण यंत्र व 35 को केलिपर प्रदान किए गए। अतिथियों का स्वागत प्रभारी जतन सिंह भाटी ने व संचालन मुकेश त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन साधक राम सिंह चुण्डावत ने किया।

भायंदर मे दिव्यांग कृत्रिम अंग नाप शिविर

नारायण सेवा संस्थान एवं श्री राजस्थानी जैन संघ, जैसलपार्क के संयुक्त तत्वावधान में 21 अक्टूबर 2018 को महाराष्ट्र के भायंदर-ईस्ट (थाणे) स्थित ओसवाल बगीचा में जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन एवं जरुरतमंद दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री नरेन्द्र मेहता ने किया। अध्यक्षता समाजसेवी श्री उमराव सिंह ओस्तवाल ने की। विशिष्ट अतिथि राजस्थानी जैन संध के महामंत्री श्री कान्तीलाल बाबेल, कोषाध्यक्ष श्री हरि सिंह नाहर, दिनेश चौधरी, अनिल बोहरा, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सुमन कोठारी, समाजसेवी महावीर सुराणा व कमल लोढ़ा थे। शिविर में 53 अंग विहीन का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. नाथू सिंह जयपुर व डॉ. भूमिका सूरत ने परीक्षण कर 17 दिव्यांगों के कृत्रिम अंग बनाने के लिए नाप लिए। अतिथियों ने एक दिव्यांग को व्हील चेयर और 13 को केलिपर प्रदान किए। प्रभारी ललित लोहार ने अतिथियों का स्वागत व हरिप्रसाद लढढ्ढा ने शिविर का संचालन किया।

बोकारो में निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चयन

➲ नारायण सेवा संस्थान एवं आदित्य फ्लोर मिल्स प्रा.लि के संयुक्त तत्वावधान में 28 अक्टूबर 2018 को बोकारो (झारखण्ड)स्थित गोविन्द माध्यमिक विद्यालय, पुनर्वास क्षेत्र माराफारी में जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए निशुल्क जांच, चयन एवं जरुरतमंद दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर संपन्न हुआ। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आयोजित इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक श्री बिरंची नारायण जी ने किया। विशिष्ट अतिथि विधायक श्री अनन्त जी ओझा,विधायक सचिव श्री हरिश चन्द्र जी मेहता ,सीएसआर डालमिया प्रबंधक श्री उमेश प्रसाद जी,आदित्य फ्लोर मिल्स जनरल मैनेजर श्री मुशर्रफअली,चेम्बर ऑफकॉमर्स के श्री राजकुमार जायसवाल, आदित्य फ्लोर मिल्स के सीएसआर प्रभारी श्री मुकेश जी गंगवार थे। शिविर में 158 दिव्यांगों का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. तापस पी बेहरा ने जांच कर 31 दिव्यांगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया। शिविर में 5 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 15 को ट्राईसइकिल और 25 को बैसाखी की जोड़ीयां प्रदान की गई। शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लढ्ढा ने अतिथियों का स्वागत किया।

महोबा में सहायक उपकरण वितरण

➲ नारायण सेवा संस्थान एवं पं.गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास के संयुक्त तत्वावधान में उत्तरप्रदेश के महोबा नगर के निकट,धवर्रा में 9 नवम्बर को जन्मजात पोलियो करेक्टिव सर्जरी के लिए चयन एवं जरुरतमंद दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरण के लिए शिविर संपन्न हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री दारा सिंह जी चौहान ने किया। अध्यक्षता हमीरपुर सांसद श्री पुष्पेन्द्र सिंह जी चन्देल ने की। विशिष्ट अतिथि लखनऊ के एमएलसी श्री बुक्कल जी नवाब, क्षेत्रीय विधायक श्री राकेश जी गोस्वामी, स्थानीय बीजेपी अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जी, जिलाधिकारी श्री सहदेव सिंह जी, डी.एस.पी श्री अनुपम सिंह जी, सी.ओ, डी श्री हीरा सिंह जी व भाजपा अध्यक्ष के कार्यकारी सचिव डॉ. राकेश मिश्रा थे। शिविर में 120 अंग विहीन(कटे हुए हाथ - पांव) का पंजीयन हुआ। जिनमें से पी एण्ड ओ डॉ. तापस बनर्जी ने 7 दिव्यांगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया। अतिथियों ने 5 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 20 को ट्राईसाइकिल, 10 को श्रवण यंत्र, 5 को वॉकर और 20 को वैसाखी की जोड़ीयां प्रदान की गई। प्रभारी हरिप्रसाद लढढ्ढा ने शिविरार्थी दिव्यांगों एवं अतिथियों का स्वागत किया।

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

स्नेह मिलन

सेवा सारथियों का सम्मान

अहमदाबाद

अहमदाबाद के पांजरापोल स्थित काशीराम अग्रवाल भवन में 21 अक्टूबर 2018 को संस्थान द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह एवं दिव्यांग टेलेट शो में संस्थान के सहयोगी भामाशाहों का सम्मान किया गया। आयोजन के विशिष्ट अतिथि श्री मूलचंद जी प्रजापति, श्री जसवंत भाई शाह, श्री प्रवीण आर. लोढ़ा, श्री रामरतन जी एवं श्री एम.एल गुप्ता जी थे। कार्यक्रम प्रभारी श्री कैलाश चौधरी, श्री राजेन्द्र प्रसाद व मुकेश मीणा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन ओमपाल सीलन ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने पीड़ित मानवता की सेवा में नारायण सेवा संस्थान व सेवा परमो धर्म ट्रस्ट की निःशुल्क एवं समर्पित सेवाओं की सराहना की

कथा ज्ञान यज्ञ

भागवत श्रवण से मन व चरित्र की शुद्धि

चरित्र तभी शुद्ध होगा जब मन शुद्ध हो,जब चरित्र शुद्ध होगा तो ईश्वर कि प्राप्ति सहज हो जाएगी। अगर ज्ञान मार्ग से व्यक्ति भटक जाए तो उसका जीवन निरर्थक बन जाता है। यह बात नारायण सेवा संस्थान की ओर से इंदौर के अन्नपूर्णा मंदिर में 9 से आरंभ होकर 15 नवम्बर को संपन्न हुई सप्तदिवसीय भागवत कथा में व्यासपीठ से डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें कलयुग के प्रभाव से बचाती है। जहां सदबुद्धि है, वहां सतयुग और जहां दुर्बुद्धि है, वहां कलयुग का निवास होता है। हमारे जीवन में जो बुराईयां हैं वे भागवत कथा श्रवण से दूर होंगी। वासनाओं के रहते प्राणी कभी भी प्रभु का सिमरन एवं सुख प्राप्त नहीं कर सकता। वासनाओं का त्याग ही परम सुख की प्राप्ति व मोक्ष देने वाला है। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संस्कार व सत्संग चैनल पर किया गया। संचालन निरंजन शर्मा ने किया।

अवलोकन

निःशुल्क दिव्यांग चिकित्सा शिविर

नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ बड़ी स्थित लियो के गुड़ा में 12 नवम्बर को सुरसरगम प्रसिद्ध गायक कमलेश राव, संगीतकार रमेश वैष्णव व साथी कलाकार गणेश पटेल, प्रवीण वैष्णव व चीनूदास वैष्णव ने 101 जन्मजात पोलियोग्रस्त बच्चों के निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया तथा पूर्व पोलियोग्रस्त दिव्यांग, जो निःशुल्क ऑपरेशन से स्वस्थ हुए बच्चों,किशोर-किशोरियों से कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने कहा जीवन वही सार्थक है, जो दूसरों के काम आए। जीवन का हर क्षण आनन्द और उत्साह से भरपूर रहना चाहिए और इसके लिए दूसरों की सेवा और प्रभु का स्मरण ही एकमात्र उपाय है। संस्थान साधक विष्णु कुमार रावत ने बताया कि इस विशेष चिकित्सा शिविर में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, झारखण्ड, राजस्थान गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों के बच्चों के ऑपरेशन डॉ. ए. एस. चूण्डावत व डॉ. ओ.डी. माथुर की टीम ने किए। कार्यक्रम प्रभारी रजनीश शर्मा थे।

जीवनवृत

झीनी-झीनी रोशनी (1)

➲ नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक-चेयरमैन परमपूज्य गुरूदेव श्री कैलाश जी 'मानव' के माता-पिता श्रीमती सोहनी देवी जी व पिताश्री मदनलाल जी अग्रवाल के सेवा-संस्कारों से पोषित जीवन समाज के लिए अनुकरणीय और उदाहरणीय है। संकल्पित और समर्पित सेवा धर्म ने उन्हे सामाजिक व धार्मिक सेवा क्षेत्र में अनेक सम्मानों से विभूषित किया। जिनमें भारत सरकार द्वारा पद्म (पद्मश्री) एवं संत समाज द्वारा 'आचार्य महामण्डलेश्वर' सम्मान भी शामिल है। बचपन से ही सेवा के संस्कारों से पल्लवित कैलाश जी के अत्यन्त निकट रहे वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेश जी गोयल ने उनके जीवन-वृत को 'झीनी-झीनी रोशनी' नामक पुस्तक में अत्यन्त सहज, सरल और भाव प्रणव भाषा में लिखा है। जिसे इस अंक से धारावाहिक रूप में प्रकाशित किया जायेगा। -सं0

अलख निरंजन! ... आनन्द रहे! ... सुखी रहो !! ... दूर से ही ये आवाजें बालक कैलाश के कानों में पड़ी तो वह लकड़ी के टुकड़ों से खेलना छोड़ दौड़ा-दौड़ा रसोई में गया और टांड पर रखे पीपे से आटा निकाल कर एक बड़े से बर्तन में भर लिया। भिक्षा लेने दो साधु अक्सर उसके घर आया करते थे। उनके कन्धों पर कपड़े का झोला लटका रहता था जिसमें घर घर जाकर वे भिक्षा एकत्र करते थे।

कैलाश मुश्किल से 5-6 साल का होगा। उसके बाल मन में यह सवाल कौंधता था कि इन साधुओं को घर-घर जाकर आटा मांगने की ज़रूरत क्यूं। कोई एक घर ही इन्हें पूरा आटा क्यूं नहीं दे देता। अपनी इसी उलझन को हल करने वह उनके झोले में अधिकाधिक आटा भर देना चाहता था। माता सोहनी देवी, जिसे वह बाई कहता था उसे छोटे से कटोरे में आटा भरकर देती थी जिससे उसका जी नहीं भरता था। आज बाई कहीं नजर नहीं आ रही थी वह झट से अपनी इच्छा पूरी करने में जुट गया।

इधर-उधर देखा और भाग कर साधुओं के झोले में आटा उंडेल दिया। जल्दी ऐसी मची थी कि कब उसके बर्तन से थोड़ा आटा जमीन पर गिर गया उसे पता ही नहीं चला। थोड़ी देर में सोहनी लौटी तो आंगन में गिरे आटे को देख कर मुस्करा दी। वह बेटे कैलाश को भली भांति समझती थी। उसे बुलाया और पुचकार कर कहा- क्यूं रे ? भाग कर क्यूं गया ? मैं होती तो क्या मना करती ? अपनी चोरी यूं पकड़े जाने से कैलाश जमीन में नजरें गड़ाये सब सुनता रहा।

बीसवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध शुरू हो चुका था। देश अंग्रेजों की गुलामी की बेड़ियों से स्वतन्त्र हो अपने पहले आम चुनाव की तैयारियां कर रहा था। मेवाड़ रियासत का एक ठिकाना था भीण्डर। यहीं एक गिरवी की हवेली में मदन जी अग्रवाल अपने भाई देवीलाल के साथ रहते थे। मदन जी के 4 पुत्र व 2 पुत्रियां थीं इनमें कैलाश जी दूसरे क्रम पर थे। स्वतन्त्रता प्राप्ति के सिर्फ 7 माह पूर्व 2 जनवरी 1947 को कैलाश जी का जन्म हुआ था।

क्रमशः

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

नारायण सेवा संस्थान

सेवाधाम, सेवानगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.) 313002
फो नम्बर : 0294-6622222, मो. : 09649499999, फेक्स नम्बर : 0294-6661030

फोटो

आपश्री का पूर्ण विवरण

1. दानदाता का नाम :	2.दानदाता की आईडी
3.कम्पनी :	
4.आधार नम्बर :	
5.पूर्ण पता :	6.नया पता :
7. मो. नम्बर : एसटीडी :	वाट्सअप नं. :
8. ई-मेल :	
9. कार्य सर्विस व्यापार	कम्पनी
पद	कम्पनी नाम :

10. पारीवारिक सूची नाम	सम्बन्ध	जन्म दिनांक

11. संस्थान के प्रति आपश्री के सूझाव

सादर निवेदन : कृपया उपरोक्त फॉर्म में **आपश्री का पूर्ण विवरण** भरकर लौटती डाक से भिजवाने का श्रम करावें जिससे संस्थान के डाटाबेस में आप से सम्बन्धित जानकरी पूर्ण हो सके। आपश्री द्वारा संस्थान के सेवा प्रकल्पों में सहयोग देने के लिए बहुत-बहुत आभार.....।

हस्ताक्षर

मान्यवर,

ऐसे स्नेहीजन जो आपके जैसे ही सेवा के भाव रखते हों, ऐसे 5 महानुभावों के पते भिजवावें, जिससे संस्थान के सेवा कार्यों की जानकारी उन पवित्र ह्रदय तक पहुँचाई जा सकें...आपश्री की प्रेरणा से।

नाम : .....

पूर्ण पता : .....

.....

मोबाईल नं. : ..... व्यवसाय : .....

नाम : .....

पूर्ण पता : .....

.....

मोबाईल नं. : ..... व्यवसाय : .....

नाम : .....

पूर्ण पता : .....

.....

मोबाईल नं. : ..... व्यवसाय : .....

नाम : .....

पूर्ण पता : .....

.....

मोबाईल नं. : ..... व्यवसाय : .....

नाम : .....

पूर्ण पता : .....

.....

मोबाईल नं. : ..... व्यवसाय : .....

नारायण सेवा संस्थान
नर सेवा नारायण सेवा

दिव्यांगजन की चिकित्सा में सहायता के लिए आपश्री का हार्दिक आभार

सुश्री अलिना कपूर
टोरोंटो (कनाडा)

सुश्री कियारा
लंदन (यू.के.)

डॉ. एन.के. गोयल
बुलंदशहर (यू.पी.)

स्व. मोती लाल जैन
मेरठ (यू.पी.)

श्री एवं श्रीमती गजानन दादाराव देशमुख
बुल्ढ़ाणा (महाराष्ट्र)

श्री भगवान दास
अजमेर (राज.)

श्रीमती जानकी देवी
देहरादून (उ.ख.)

स्व. मास्टर अभिषेक सी.राठौड़
मुम्बई (महाराष्ट्र)

श्री ललित तेजराज जैन
मुम्बई (महाराष्ट्र)

आर. संयराम जनक कल्याण
चैन्नई (तमिलनाडू)

श्रीमती कश्मीरी देवी
ऊना (हि.प्र.)

स्व.श्री लक्ष्मण गोपाल अग्रवाल
रायपुर (छ.ग.)

श्रीमती सरलावती जी
पंचकुला (हरियाणा)

श्री डी.पी. गुप्ता-श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता
दिल्ली

श्री एवं श्रीमती स्वतंत्रता सैनानी डंडूराम शर्मा, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)

श्री एवं श्रीमती एम.सत्यनारायण
हैदराबाद (तेलंगाना)

स्व.श्री तेजराज मनमाल-स्व.श्रीमती लीला बेन राठौड़,मुम्बई (महाराष्ट्र)

श्री भागीरथ स्वामी-श्रीमती कैशरी देवी
हनुमानगढ़ (राज.)

श्री बालकृष्ण मेहता-श्रीमती शशी रेखा
हैदराबाद (तेलंगाना)

श्री बलवंत राय जैन, श्रीमती लक्ष्मी जैन व श्रीमती सुनिता जैन
भिवानी (हरियाणा)

स्व.श्री सीता राम गोयल-श्रीमती बिमला देवी, हिसार (हरियाणा)

श्री जय भगवान गर्ग-श्रीमती रामपती देवी
सोनीपत (हरियाणा)

सादर स्मरण

